हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 16 जून 2024
[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

14 आईआईएमएम ने आरजीपीवी को 9 विकेट से हराया


14 जेसीआई ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, 170 यूनिट किया दान



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**
1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - **मो.- 76972-12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.





न्यु **ओम ज्वेलर्स**
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


**खबर संक्षेप**

### नाली एवं सड़क के ऊपर अवैध निर्माण तोड़ा

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नालियों एवं सड़क के ऊपर का अवैध कब्जा तोड़ने का कार्य लगातार जारी है। जो कब्जाधारी सड़क के ऊपर अवैध कब्जा कर लिए है, नाली को जाम कर दिए हैं, उनके ऊपर ही कार्रवाई चल रही है। अवैध कब्जाधारियों को पूर्व में नोटिस दिया गया था। मुनादी भी चल रही है। प्रमुख रूप से कार्यवाही संतोषी पारा वार्ड 33 अंबेडकर भवन के पीछे से दुर्गा पंडाल, वार्ड 36 महामाया मंदिर, वार्ड 51 रेलवे लाइन के पीछे, वार्ड 14 नाली के ऊपर अवैध कब्जा हटाया गया। नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार मुनादी भी कब्जा हटाने के लिए कराया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के राजस्व अधिकारी, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे। सभी क्षेत्रों में तोड़फोड़ के साथ ही डंपर से मालवा भी हटाया जा रहा है।

**क्राइम:** पत्नी का गला रेता, चरित्र को लेकर विवाद रहा है दोनों में

## पत्नी की हत्या कर खुद भी लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उतई थाना अंतर्गत ग्राम खोपली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के हेंगल बंजारे ने अपनी पत्नी दशोदा की बेरहमी से हत्या कर दी। हेंगल और दशोदा का अक्सर विवाद हुआ करता था। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दशोदा अपने पति के चरित्र पर संदेह करती थी। आने-जाने में टोका-टाकी किया करती थी। इस बात को लेकर अक्सर दोनों में झगड़ा हुआ करता था। घटना की रात भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम की है।



▪ उतई थाना अंतर्गत ग्राम खोपली की घटना, पुलिस कर रही जांच

हेंगल अपनी पत्नी दशोदा के साथ शाम 6 बजे के करीब खेत गया था। दोनों रात में वापस नहीं लौटे। रात में घर के लोग उन्हें खोजते हुए खेत पहुंचे तो देखा कि स्टोर रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने दीवार पर बने एक होल से अदर देखा तो हेंगल फंदे पर लटका था और नीचे जमीन पर दशोदा की खून से लतपथ लाश पड़ी थी।

### फावड़े से पत्नी को काटा

उतई थाना प्रभारी ने बताया कि हेंगल ने स्टोर रूम में रखे फावड़े से दशोदा के ऊपर हमला किया। उसने उसके गले और सिर में कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद खुद भी छत में लगी लकड़ी के सहारे फंदा बनाकर झूल गया। टीआई ने बताया कि हेंगल के बेटों और परिवार वा दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। हत्या और आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। प्राथमिक पूछताछ में पत्नी के पति के चरित्र पर संदेह किए जाने की बात सामने आई है।

### रात 10 बजे पुलिस पहुंची देर रात दीवार में छेद दिया

उतई थाना प्रभारी मनीष शर्मा बताया कि उन्हें रात 10 बजे सूचना मिली तो वे अपनी टीम लेकर मौके पर पहुंचे। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। लोगों ने दरवाजा तोड़ने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं खुला। इसके बाद दीवार में छेनी हथौड़ी के सहारे होल किया गया। अंदर दशोदा की लाश खून से लतपथ पड़ी थी। हेंगल फंदे से लटका हुआ था। शव को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। मरर्च्यूरी भेजा गया। बहरहाल मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जांच कर रही है पुलिस

परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही
परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में पत्नी के पति के चरित्र पर संदेह किए जाने की बात सामने आई है। दंपती को अंतिम बार किसने देखा, कोई चश्मदीद है क्या, इस बारे में पतासाजी की जा रही है।

-मनीष शर्मा,
टीआई उतई थाना

## सूने घर के सेप्टिक टैंक में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग के ग्राम खुरसुल में बांध के पास एक सुनसान घर के सेप्टिक टैंक में शनिवार को एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

▪ मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस कर रही जांच

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। मृतक युवक कौन है, और कहां का है। इसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम खुरसुल के बांधा के पास भिलाई निवासी केदार कुमार पात्रो जिनका 2.5 एकड़ खेत है ,जिसपर स्टोर रूम के उपयोग के लिए बनाए 2 मंजिला घर के सेप्टिक टैंक पर युवतियों को एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना नगपुरा चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया मृतक की उम्र करीब 28 से 30 वर्ष लग रही है,, शव को मरचुरी में रख रखा गया है पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## हाईकोर्ट से पार्षद सलमान की याचिका हुई खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम के पार्षद मोहम्मद सलमान की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। पार्षद के जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने की वजह से संभागायुक्त दुर्ग की कोर्ट ने पार्षद सलमान को हटाने का आदेश पारित किया था। नगर निगम के सचिव ने भी आदेश के हिसाब से उसे पद से हटने के लिए नोटिस दिया था। हाईकोर्ट के डबल बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए खारिज कर दिया है।

संभागीय आयुक्त ने उप-विभागीय अधिकारी के कार्यालय का रजिस्टर ( (सक्षम प्राधिकारी) की जांच की गई और यह पाया गया

▪ संभागायुक्त के आदेश को दी थी चुनौती

कि याचिकाकर्ता के जाति प्रमाण पत्र में उल्लेखित राजस्व मामले की संख्या याचिकाकर्ता का नाम छत्तीसगढ़ है, लेकिन रजिस्टर में वही संख्या नोमिता देशमुख के नाम पर दर्ज है।

## पुलगांव थोक कपड़ा मार्केट में व्यवसासियों को प्लॉट देने आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**रेरा का आदेश की केवीएम डेवलपर्स 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर करें आबंटित**




थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव के व्यापारियों के पक्ष में रेरा से आदेश जारी हुआ है। आदेश में केवीएम डेवलपर्स को 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर व्यवसाइयों को आवंटित करने का आदेश दिया है। केवीएम डेवलपर्स द्वारा थोक कपड़ा मार्केट की स्थापना के समय व्यवसाइयों से 128 प्लॉट आवंटित करने का एग्रीमेंट करते हुए पैसा प्राप्त किया था, किंतु 92 प्लाट को ही आवंटित किया गया। बचे हुए 36 प्लॉट फेस टू में आवंटित करने की बात कही गई थी। किंतु फेस टू का निर्माण भी लगभग पूरा होने के बाद भी 36 दुकानों का आवंटन नहीं किया गया। इसके विरुद्ध थोक कपड़ा व्यापारी संघ ने रेरा में शिकायत की। जिस पर फैसला सुनाते हुए 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर आवंटित करने का आदेश पारित हुआ है। केवीएम डेवलपर्स के खिलाफ पहले ही कोतवाली थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज है। व्यापारियों ने बताया कि केवीएम डेवलपर्स द्वारा 128 प्लॉट देने का अनुबंध हुआ था। किंतु 92 प्लॉट ही दिए गए। बचे हुए 36 प्लॉट के संबंध में कहा गया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से मंजूरी नहीं मिली है, इसलिए प्लाट नहीं दे पा रहे हैं। फेज-2 पर मंजूरी मिलने के बाद प्लॉट दिया जाएगा। 2020 में फेज-2 को मंजूरी मिली, किंतु पुराने व्यवसाइयों को 36 प्लॉट नहीं दिए गए। इसके बाद मामला रेरा पहुंचा। जहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद रेरा से यह फैसला आया।

## सूर्य विहार कॉलोनी में अवैध कब्जा, लोगों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सूर्य विहार कॉलोनी जुनवानी सूर्या मॉल के समीप स्थित मुख्य मार्ग को बंद किए जाने और मुख्य मार्ग की सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने कलेक्टर दुर्ग और वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए जनहित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की है।

▪ पूर्व सभापति अरोरा ने लिखा पत्र

सूर्य विहार कॉलोनी जुनवानी सूर्या मॉल से मास्टर प्लॉन में 30 मीटर का एम.आर. रोड जो सुर्या मॉल से सूर्य विहार होते हुए पुलिस हाउसिंग कालोनी, सिंगापुर सिटी फेस-1 फेस-2 फेस 3 सिटी सेंटर एवं गुरुकुल स्कूल व अन्य मकानों तक जाती है। यही एकमात्र आने-जाने का रास्ता है जिसे सूर्य विहार रेसिंडेटल सोसायटी द्वारा नियम विरुद्ध कार्लेम व खम्बा एवं गार्ड रुम बना दिया गया है।

अरोरा ने बताया कि गेट लगाने की तैयारी की जा रही है एवं वे सिर्फ सूर्या विहार कॉलोनी के निवासियों को पास जारी करने की तैयारी की जा रही है। ताकि इस मुख्य मार्ग का उपयोग सिर्फ सूर्या विहार कॉलोनी वाले ही कर सके तथा सूर्य विहार रेसिंडेटल सोसायटी द्वारा नियम विरुद्ध 30 मीटर रोड के साथ बनी सर्विस रोड़ को भी जाली लगाकर कई जगह शेड इत्यादि का निर्माण कर सर्विस रोड़ को बंद कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 317 के अनुसार (सार्वजनिक सड़को को बंद किया जाना (1) निगम निगम शासन की पूर्व स्वीकृति से किसी संपूर्ण सार्वजनिक सड़क या उसके किसी भाग को स्थायी रुप से बंद कर सकेगा।


**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301


**सांसद विजय बघेल से मिलकर बताई अपनी समस्याएं**

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगा नियमित वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की दुर्ग जिला ईकाई ने सांसद विजय बघेल से उनके सेक्टर 5 निवास में मुलाकात की। इस दौरान संघ की जिला अध्यक्ष गीता बाग के नेतृत्व में सांसद बघेल को दूसरी बार निर्वाचित होने पर बधाई देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नाम मांग पत्र का एक ज्ञापन सौंपा गया। सांसद बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगें उच्च स्तर पर पहुंचाई जाएगी।



### इन मांगों को सांसद के समक्ष रखा

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ द्वारा सांसद विजय बघेल को सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ता को तृतीय श्रेणी कर्मचारी के समकक्ष नियमित वेतनमान, सहायिका को चतुर्थ श्रेणी समकक्ष नियमित वेतनमान, पर्यवेक्षक भर्ती प्रक्रिया शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत पद पर कार्यकर्ताओं को वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर पदोन्नति, सहायिकाओं को शत-प्रतिशत कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति, मिनी आंगनबाड़ी को निःशर्त पूर्ण आंगनबाड़ी का दर्जा देने तक समान काम समान वेतन मानदेय, फ्रेश कार्यकर्ता को कार्यकर्ता के पद पर को समायोजित करने तथा यूनिफार्म के रूप में (साड़ी) की जगह ब्लेजर दिए जाने की मांग रखी गई है।

### शासकीय विभागों का बंटा रहे हैं हाथ

संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल को बताया कि छत्तीसगढ़ की 1 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका लगातार अपनी शासकीय कर्मचारी बनाने की मांग को शासन प्रशासन के समक्ष रखते आ रहे हैं। इसके लिए लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। वर्ष 1975 से विगत 47 वर्षों के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ शासन के अन्य विभागों से संबंधित कार्य जैसे जनगणना, निर्वाचन आयोग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पोषण ट्रेकर एवं शासन द्वारा प्रदत्त अन्य सर्वेक्षण कार्य निरंतर करते आ रहे हैं।

### शासन का न्यूनतम वेतनमान हमें मिले

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित श्रमिकों के न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत निर्धारित दर न्यूनतम वेतनमान भी हमें नहीं मिलता, परंतु कार्य शासकीय कर्मचारियों जैसा लिया जाता हैं। वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 10000 रुपए, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 7,500 एवं आंगनबाड़ी सहायिका को 5000 रुपए मिलने वाला मानदेय वर्तमान महंगाई एवं कार्य के अनुसार बहुत ही कम है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में बहुत सारी योजनाओं की शुरूआत कर सभी महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।





AVON ELECTRONICS
BAJAJ FINSERV
अगर आप का फ़ोन लग गया
समझो फाइनेंस हो गया
CALL & WHATSAPP 9977728687
CALL & WHATSAPP 7879600454
CALL & WHATSAPP 9826228687
CALL & WHATSAPP 6261968213
भारत के किसी भी शहर का आधार - पैन कार्ड लाये और प्रोडक्ट घर ले जाये
जीतो 21 लाख के इनाम
200 GIFTS
200 GIFTS
1 Jan-30 June 2024
T&C APPLY
मात्र ₹999 ALL RANGE OF SMART LED TV
मात्र ₹999 ALL RANGE OF REFRIGERATOR
मात्र ₹999 ALL RANGE OF WASHING MACHIN
मात्र ₹999 ALL RANGE OF AIR COOLER
मात्र ₹999 ALL RANGE OF AIR CONDITIONER
मात्र ₹999 ALL RANGE OF RO WATER PURIFIER
मात्र ₹999 ALL RANGE OF KITCHEN CHIMNEY
मात्र ₹999 ALL RANGE OF LAPTOPS
PAY ₹1 REST IN EMI
24 MONTHS NO COST EMI | 0 DOWN PAYMENT | 0 PROCESSING FEE
PAY ₹1 REST IN EMI
100% FINANCE FACILITY AVAILABLE
SAMSUNG realme oppo vivo
mi ONEPLUS iPhone NOTHING
कमर्शियल रेफ्रीजिरेटर की सारी रेंज एक छत के नीचे
HARD TOP DEEP FREEZER
STARTING RANGE FROM ₹16990
VISI COOLER
STARTING RANGE FROM ₹24990
PASTRY CABINET AVAILABLE
BACK BAR AVAILABLE
DEEP FREEZER, VISI COOLER , WATER COOLER, PASTRY CABINET, ETC.
AVON ELECTRONICS
हमसे सस्ता कोई नहीं




# मज़बूत हैं पिता, उन्हें सख़्त किसने कहा ?

"वो कोमलता नहीं जानते, लेकिन बच्चे को पूरी एतमाद भरी गोद देते है। मुलायम आवाज़ में बात नहीं कर सकते, लेकिन उनके लहज़े में हमेशा आश्वस्ति होती है। घर से बाहर जाते वक्त कोई बच्चा उनकी तरफ़ पलटकर नहीं देखता, लेकिन उनकी निगाह से बच्चे की परवाह कभी ओझल नहीं होती।"

**वो पिता** जिन्हें बच्चे तब समझते हैं, जब ख़ुद अभिभावक बन जाते हैं। जो हर बच्चे की दुनिया का आसमान हैं, उनके लिए सुरक्षा की छत हैं, वो पिता क्यों अबूझे रहते है ?



## सपने तो मेरे थे, पर उनको पूरा करने का रास्ता कोई और दिखाए जा रहा था, और वो थे मेरे पापा...





मुझे रख दिया छाँव में
खुद जलते रहे धूप में,
मैंने देखा है ऐसा एक फरिश्ता
अपने पिता के रूप में
बेमतलब सी इस दुनिया में
वो ही हमारी शान है,
हर किसी शख्स के वजूद की
पापा ही पहली पहचान है।
हर बेटी की सबसे बड़ी विश होती है कि
उसके पापा हर पल मुस्कराते रहे।

है समाज का नियम भी ऐसा
पिता सदा गम्भीर रहे,
मन मे भाव छुपे हो लाखों,
आँखो से न नीर बहे!
करे बात भी रुखी-सूखी,
बोले बस बोल हिदायत के,
दिल मे प्यार है माँ जैसा ही,
किंतु अलग तस्वीर रहे!
मंजिल दूर और सफर बहुत है.
छोटी सी जिन्दगी की फिकर बहुत है.
मार डालती ये दुनिया कब की हमे.
लेकिन पापा के प्यार में असर बहुत है..

**हैप्पी फादर्स डे**

**पापा**

आपका दिल आपके अद्भुत पिता का है। वह हमेशा आपकी रक्षा के लिए हाजिर रहे है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है कि आपको खुश और अवसर मिला है! उनकी शानदार और दयालु आत्मा ने आकार दिया है जो आप हैं!

**श्रीमती सुमन त्रिपाठी**

एक समय आता है जब जीवन की जद्दोजहद, पिता के मन के अनकहे जज्बात समझना भी सिखा देती है। तब पिता के स्नेह का हर लम्हा समझ में आ जाता है। और तब खुद अभिभावक बन चुके बच्चे पिता के कंधों पर हाथ रखकर खिलखिला उठते है। पिता की भूमिका, बच्चों की खुशी में मुकम्मल हो उठती है।

वो वक्त काश, बच्चों के छुटपन में ही आए और बना रहे। पिता अबूझे ना रहें। उनके हिस्से के स्नेह का प्रतिसाद उन्हें खुलकर और कई गुना बढ़कर मिले।

## हर पीढ़ी का क़िस्सा

**पिता** को उतना समय भी नहीं मिलता कि बच्चों से अपना स्नेह जता सके। हर रोज शाम को घर लौटने पर रोज़गार की, कामकाज की थकान जब तक कुछ कम हो पाए, बच्चे सो चुके होते है। जो बच्चों के दिनचर्या की खुशियों, छोटी-छोटी पीड़ाओं में साथ नहीं होता, उस पिता के लिए सप्ताह में एक-दो दिन ऐसा क्या करूं कि बच्चे खुश हो जाएं, की जद्दोजहद् में केवल बाहर घुमने ले जाना या कोई खेल खेलना ही मुमकिन होता है। मन के तार जोड़ने के लिए वह वक्त कम पड़ता है। स्नेह स्पर्श की कमी बच्चे बचपन में पूरी नही कर पाते।




Happy
**FATHER'S DAY**

From Jha Family

Neha, Nidhi, Prashant, Diwakar, Shail, Onir, Ambar, Srishti and Nishchay (Raj)

K.H. GROUP OF SCHOOLS | KVP Wires & Cables | KV GROUP




मेरा साहस, मेरा अभिमान, मेरा सम्मान हैं आप
मेरी ताकत, मेरी पूंजी, मेरी पहचान हैं आप
मैंने पिता के प्यार से बड़ा कोई प्यार न पाया
जब जरूरत हुई, पिता को हमेशा साथ पाया
मुझे रख दिया छांव में, खुद जलते रहे धूप में
मैंने देखा है ऐसा एक फरिश्ता,
अपने पिता के रूप में!

**पिता के चरणों में**
**शत् शत् प्रणाम**

पिता इस दुनिया का एक ऐसा व्यक्ति होता है जो अपने बच्चों के लिए हर जंग से लड़ने को तैयार हो जाता है।
एक पिता ही होता है जो यह चाहता है कि मेरा बच्चा मुझे से बड़ा आदमी बने।



**देव मिश्रा**
**भिलाई**

## मज़बूत बने रहने का दायित्व

**पिता** के कम शब्द और गहरी आवाज अक्सर बच्चों को अहसास कराती है कि वे बच्चों को समझते ही नहीं। अनुशासन और सधे हुए संवाद का यह भाव चिंता के उस भाव को ढंक देता है, जो पिता के मन में हर वक्त चलता है। परिवार के मुखिया की भूमिका निभा रहे पिता को हर हाल में मजबूत बने रहना होता है। कैसी विडम्बना है पिता के जीवन की, कि बच्चे को बाहों के झूले का आनंद देने के लिए मन को कोमल नही कर सकता, बच्चे को संभालने के लिए मजबूत हाथ जो देने है। बच्चों को भी पिता की सुरक्षा के घेरे से मिली बेफ़िक्री याद रहती है, उसे बनाने वाले पिता के प्यार का अहसास समझ में नहीं आता।



## Happy Father's Day



- मेरी सफलता का राज़ मेरी महत्वाकांक्षा और अन्य लोगों का मन जानना है।
- सही उद्यमशीलता जोखिम लेने से ही आता है।
- असफलताओं के बावजूद, अपना मनोबल ऊँचा रखें। अंत में सफलता आपको अवश्य मिलेगी।
- बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे सोचो। विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।
- यदि आप दृढ़ संकल्प और पूर्णता के साथ काम करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।
- कठिन समय में भी अपने लक्ष्य को मत छोड़िये और विपत्ति को अवसर में बदलिए।
- युवाओं को एक अच्छा वातावरण दीजिये। उन्हें प्रेरित कीजिये। उन्हें जो चाहिए वो सहयोग प्रदान कीजिये। उसमे से हर एक आपार उर्जा का स्त्रोत है। वो कर दिखायेगा।
- समय सीमा पर काम खत्म कर लेना काफी नहीं है, मैं समय सीमा से पहले काम खत्म होने की अपेक्षा करता हूँ।

जितना कठिन संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी...



जो सपने देखने की हिम्मत करते हैं, वो पूरी दुनिया को जीत सकते है...

**निशांत त्रिपाठी** **अभिषेक त्रिपाठी**

## खबर संक्षेप



### मंदिर में स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन

दुर्ग। श्री मनोकामनेश्वर महादेव एवं श्री दक्षिणमुखी हनुमान संतरा बड़ी दुर्ग में स्थित मंदिर का द्वितीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा शिवजी के भजन और सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त मोहल्लावासी शामिल हुए ।

### दूरसंचार संबंधी बैठक

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए तार मार्ग के अधिकार राईट ऑफ वे की नीति 2021 के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि टावर व फाइबर के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर सभी नगरीय निकायों से अभिमत प्राप्त कर लिया गया है।

## निधन

### सेवक राम चन्द्राकर



दुर्ग। बिम्लेश्वरी कॉलोनी वार्ड-52 बोरसी निवासी सेवानिवृत शिक्षक सेवकराम चन्द्राकर (84 वर्ष ) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गये। वे ऋषिराज चन्द्राकर के पिता व नयन चन्द्राकर के दादा जी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### सुखलाल निषाद

भिलाई। जामुल बस्ती संतोषी चौक वार्ड 6 निवासी सुखलाल निषाद 58 वर्षीय का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज निषाद व शेष निषाद के पिता थे।

### सुदर्शन सिक्का



भिलाई। तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी निवासी सुदर्शन सिक्का का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 जून को शाम 4 बजे ब्लॉक ए, लोटस 57 स्थित निवास से निकलेगी और रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अनीता नरूला, अनुज सिक्का और विनीत सिक्का की माता तथा भिलाई स्टील प्लांट के जीएम इंचार्ज पीएंडए रहे राजकुमार नरूला की सास थी।

### गिनिया देवी अग्रवाल



भिलाई। कैलाश नगर भिलाई निवासी गिनिया देवी अग्रवाल का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। इनकी अंतिम यात्रा 16 जून रविवार को सुबह 11 बजे कैलाश नगर एकता चौक स्थित निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जयशंकर अग्रवाल व विजय अग्रवाल की मां एवं अतुल,अभिषेक और आयुष अग्रवाल की दादी थी।

## निराशा : अफसरों की लेटलतीफी जनप्रतिनिधियों के लिए बनेगी चुनौती

# आचार संहिता हटते ही रूके कार्यों को पूरा कराना चुनौती

दुर्ग। आगामी दिनों नगरनिगम चुनाव होने वाले है, लेकिन इसके पहले शहर में चल रहे निर्माण कार्यो को मूर्तरूप देने चुनौती होगा। शहर में ऐसे करोडो रूपए के प्रोजेक्ट हैं, जिसे या तो शासन से स्वीकृति नही मिली है या जो कार्य अधूरे है वो पूरे नही हो पाए है। यही नही चुनौती इस बार की भी होगी, कि निगम की सत्ता में बैठे कांग्रेस की बाडी को अपने अस्तित्व बचाए रखने के लिए पूर्व के वादों को पूरा करना होगा।

### आडिटोरियम बनने से पहले कबाड़



साइंस कालेज में निर्माणाधीन आडिटोरियम वर्ष 2021 तक बन जाना था। लेकिन इसे अब तक पूरा नही किया गया है। सात करोड की लागत वाली इस आडिटोरियम के बन जाने से न सिर्फ कालेज प्रबंधन बल्कि शहर में विविध आयोजनों के लिए लोगों को राहत मिलती। लेकिन इसका निर्माण लागत भी अस्सी फीसदी तक बढ गया हैं और वर्तमान स्थिति कबाड होने पर पहुंच गई है। हांलाकि इसका निर्माण एंजेसी पीडब्ल्यूडी विभाग है।

### अफसरों की लेटलतीफी बनी चुनौती




### पुलगांव नाला डायवर्सन भी अधूरी



पुलगांव की ओर से आने वाले गंदे पानी को शिवनाथ नदी में जाने से रोकने के लिए डायवर्सन का काम किया जाना था। यह भी सालभर देरी पर है। अब तक निर्माण हुआ है। इसकी लागत करीब डेढ करोड है। इसे भी वर्ष 2021 में पूरा किया जाना था। लेकिन यह प्रोजेक्ट जल संसाधन और निगम प्रशासन के बीच तालमेल नही होने के चक्कर में आगे नही बढ पाया है। सूत्रों का कहना हैं कि, ठेकेदार भी काम छोडकर चले गए है।

### तालाब सौन्दर्यीकरण भी नहीं हो पाया



नगरनिगम के महती प्रोजेक्ट में से एक शहर के तालाबों को सौन्दर्यीकरण का था। करीब आठ तालाबों का पांच करोड में सौंदर्यीकरण किया जाना था। यह विगत छः साल से प्रक्रिया चल रही है। इसकी लागत पांच से बढकर ग्यारह करोड तक बढ गई है। इसमे शहर के कसारीडीह, लुचकी, हरना बांधा, माता और सिकोला जैसे आठ तालाब शामिल है। इसके लिए भी राज्य शासन से स्वीकृति नही मिलने के कारण काम नही हो पाया है।

### पार्किंग की बड़ी समस्या , बजट में था शामिल



शहर के उक्त बडे प्रोजेक्ट के आलावा बजट की बात करे तो निगम द्वारा सबसे बडी समस्या पार्किंग के लिए इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग तैयार करना था। यह हो नही पाया है। इसके आलावा शिवनाथ मुक्तिधाम, पुलगांव, कसारीडीह में ट्रीटमेंट प्लांट नही बन पाए है। बजट के दृष्टिकोण से विभिन्न कार्य जैसे ई वाहन के लिए चार्जिंग स्टेशन, मदर्स मार्केट, ओपन लाइब्रेरी सहित अन्य कार्य निगम को कराना चुनौती रहेगी।

### न रविशंकर स्टेडियम सुधरा, नहीं मिली एस्ट्रोटर्फ की सौगात



खेल प्रेमियों के लिए सिर्फ उम्मीद बनकर रह गई रविशंकर स्टेडियम का अब तक जीर्णोध्दार नही हो पाया है। इस मैदान से कई नामी खेल प्रेमियो ने देशभर में नाम कमाया है। लेकिन इस स्टेडियम को नए रूप देने का खेल प्रेमी आज भी इंतजार कर रहे है। बडी बात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा यहां एस्ट्रोटर्फ की सौगात की घोषणा की थी। जिसके लिए प्रशासन जगह तक नही खोज पाई है।

### सवा दो सौ करोड़ के एसटीपी प्लांट को मंजूरी नहीं

शहर में नालो के जरिए बर्बाद होने वाले पानी को प्यूरिफाई किए जाने के लिए नगरनिगम द्वारा करीब 215 करोड रूपए का प्रोजेक्ट तैयार किया है। जल विभाग के प्रभारी संजय कोहिले ने बताया कि, प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही प्लांट लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिए जगह का चयन भी किया जाना है।

## आईआईएमएम ने आरजीपीवी को 9 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




■ डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट

डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी में दो लीग मैच खेले गये पहला मैच आईआईएमएम और आरजीपीवी के मध्य खेला गया। आरजीपीवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। निर्धारित ओवर में आरजीपीवी की टीम ने 4 विकेट खोकर 69 रन बनाए। आरजीपीवी के हेमंत अमारिया ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में आईआईएमएम ने मात्र 7.1 ओवर में 1 विकेट खोकर आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। शिखर शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे, जिन्होंने 3 ओवरों में मात्र 6 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। साथ ही 13 गेंदों में 33 रनों की नाबाद पारी खेली। ओए महासचिव परविन्दर सिंह ने शिखर शर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। वीआरसीई नागपुर ने जीईस बिलासपुर को हराया दूसरा मैच वीआरसीई नागपुर और जीईसी बिलासपुर के मध्य खेला गया। जीईसी बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। अपने निर्धारित ओवर में जीईसी बिलासपुर की टीम ने 5 विकेट खोकर 102 रनों का स्कोर खड़ा किया। जीईसी बिलासपुर की ओर से सुनील ने मात्र 30 गेंदों में 41 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके जवाब में वीआरसीई नागपुर ने मात्र 53 रन पर आल आउट हो गई। इस तरह जीईसी बिलासपुर ने 49 रनों से मैच जीत लिया। मैचों में एम्पायर जयप्रकाश, आनंद करलकर, राधेश्याम एवं अमित हरपाल तथा स्कोरर देव गाघरे एवं संदीप वर्मा थे।

### सभी प्रकार के मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

दुर्ग। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2, दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। उप संचालक मछली पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नदियों,नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय बड़े या छोटे जो निर्मित किये गये है। केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर अधिनियम के नियम-3, 5 के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।




## जेसीआई ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, 170 यूनिट किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ जेसीसीआई और नवदृष्टि फाउंडेशन की पहल

जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन तथा अन्य सम्मानित संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में दुर्ग जिला गवर्नमेंट हॉस्पिटल में ड्रॉप्स ऑफ होप मेगा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में 170+ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। अध्यक्ष जेसी योगेश राठी ने सभी रक्तदाताओं और उन सम्मानित सदस्यों को टोकन ऑफ लव भेंट कर उनकी सराहना की जिन्होंने पूरे शिविर के दौरान दाताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य सूत्रधार जेसीआई दुर्ग भिलाई के ऑनरेरी मेंबर राज अड़ातिया रहे और दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग मेयर धीरज बाकलीवाल और पूर्व विधायक अरूण वोरा की विशेष उपस्थित रहे। कार्यक्रम निदेशक डॉ. जेसी गुञ्जा पिंचा और प्रभारी निदेशक जेसी गौरव अग्रवाल ने इस उल्लेखनीय मील के पत्थर को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की। सचिव जेसी जीएसएम वामसी, उपाध्यक्ष जेसी हिमांशु देवांगन और मार्गदर्शक जेसी अनुभव जैन की महत्वपूर्ण भूमिकाओं ने इस शिविर को बड़ी सफलता दिलाई। शिविर दिवस में जेसी प्रांजल हरिहरनो और जेसी प्रिया अग्रवाल ने स्वयंसेवा से इस अद्भुत शिविर का आयोजन संभाला। जेसीआई पूर्व अध्यक्षों जेसी अमर सिंह गुप्ता, जेसी राजीव अग्रवाल, जेसी सीपी गजवानी, जेसी विकास बाफना, जेसी प्रवीण परमार, जेसी राजेश सांखला, जेसी प्रणय माहेश्वरी, जेसी नितिन अग्रवाल, जेसी मोनिश अग्रवाल और जेसी सुरेंद्र मोनिका खेतान के निरंतर समर्थन और विरासत ने सभी को प्रेरित किया।

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 28 जून

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्वीकृत 6 आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 28 जून 2024 तक बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग (शहरी) पांच बिल्डिंग बाल संरक्षण गृह परिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा किया जा सकता है।




## माहेश्वरी पंचायत ने रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त का किया दान



दुर्ग। श्री माहेश्वरी पंचायत द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित हुए। इसके अलावा दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के जन्मदिन पर 10 यूनिट रक्त दान किया गया। इस प्रकार ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय को 45 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में सीएमएचओ डॉ जे पी मेश्राम, जिला चिकित्सालय दुर्ग सिविल सर्जन अधिकारी डॉ हेमंत साहू, ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ नेहा नलवाया, काउंसलर एंथोनी, तरूणा रावत, लैब टेक्नोलोजीस्ट रोशन सिंह लैब सुपरवाइजर रूपेश सप्रेएलैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकरए दिनेश, जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन मौजूद थे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 16 जून 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



सुपर मॉडल बनाने की राह

## लाइव इवेंट

### आज मनायी जाएगी गायत्री जयंती व गंगा दशहरा



**भिलाई।** गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा का पर्व आज मनाया जाएगा। जिसके लिए एक दिन पूर्व शनिवार को केम्प-2 के साधकों ने अखण्ड जप में भाग लिया। भिलाई गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम भिलाई, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती, शिव-गायात्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री मंदिर केम्प-2, पावर हाउस, शांतिनगर सुपेला, कोहका, कुरूद, उम्दा रोड भिलाई-3 सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में आज यानी रविवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा का पावन पर्व भक्तिभावपूर्वक मनाया जाएगा।

जिसके लिए शनिवार से गायत्री शक्तिपीठ केम्प-2 पावर हॉउस सहित सभी स्थानों में 12 घंटे तक अखण्ड जप किया गया। आज गंगा दशहरा के अवसर पर सभी स्थानों में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक यज्ञ, हवन-पूजन का कार्यक्रम होगा।



● भिलाई में सेक्टर-4, सेक्टर-6 और दुर्ग में आमदी मंदिर, किल्ली मंदिर और धमधा नाका क्षेत्र में आयोजन

# भिलाई में ही तैयार किए जा रहे भगवान जगन्नाथ के रथ, 7 को नगर भ्रमण के लिए निकलेगी यात्रा

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर दुर्ग और भिलाई में तैयारी शुरू हो गई है। भिलाई में सेक्टर-4 और सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा 7 जुलाई को निकाली जाएगी। इसके अलावा दुर्ग में आमदी मंदिर, किल्ली मंदिर तमेर पारा और धमधा नाका क्षेत्र से रथयात्रा निकाली जाएगी। मुख्य आकर्षण सेक्टर-4 और सेक्टर-6 में रहेगा। इसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा महारानी भव्य रथ में विराजमान होकर निकलेंगे।



**भिलाई।** दुर्ग के प्राचीन किल्ला मंदिर में भी यह परंपरा निभाई जाएगी। रथयात्रा महोत्सव के लिए ट्विनसिटी में तैयारी शुरू हो चुकी है। इस बार भिलाई के दोनों प्रमुख मंदिरों में भगवान के अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार के लिए ओडिशा के पारंपरिक कारीगरों को ऑर्डर दिया गया है। पूरी, पिपली और अन्य वेशभूषा कटक से मंगाई गई है। सेक्टर-4 मंदिर में भगवान के वस्त्र भिलाई में बृंदावन सवाई द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। भगवान की 5 दिनों की वेशभूषा अलग-अलग रहेगी।

### सेक्टर-6 मंदिर में भी चल रही तैयारी

सेक्टर-6 मंदिर में भगवान के सभी वस्त्र पुरी और कटक से मंगाए गए हैं। इसके अलावा मंदिर परिसरों में रथ को तैयार करने और सजाने का काम 22 जून को देवस्नान पूर्णिमा से किया जाएगा। इस दिन परंपरा के अनुसार भगवान स्नान कराया जाएगा। अधिक स्नान से वे बीमार पड़ जाएंगे और 14 दिन क्वारेंटाइन (एकांतवास) में रहेंगे। इस दौरान भगवान को औषधि के रूप में काढ़े का भोग लगाया जाएगा। फिलहाल रथयात्रा के लिए भगवान को पहनाने और रथ को सजाने के लिए विशेष श्रृंगार की तैयारी की जा रही है।

### सेक्टर-4 मंदिर में समानांतर बन रहा है देवस्नान मंडप

सेक्टर-4 जगन्नाथ मंदिर समिति के महासचिव सत्यवान नायक ने बताया कि मंदिर परिसर में इस बार देवस्नान का नया मंडप बनाया जा रहा है। पहले भगवान को परिसर के ही कीर्तन मंडप पर विराजमान किया जाता था। अब मंदिर के समानांतर ही देवस्नान मंडप बन रहा है, जिसका काम देवस्नान पूर्णिमा से पहले पूरा हो जाएगा। इसके अलावा इस बार मंदिर के रथ को नया स्वरूप देने की तैयारी है। इसके लिए उसे कपड़ों से खासतौर पर सजाया जाएगा। इसकी सिलाई का काम मंदिर परिसर में ही चल रहा है। इसमें रथ के ऊपर लगाया जाने वाला चांदवा और पंखा प्रमुख है, जिससे समिति के सदस्य ही बना रहे हैं।



### सेक्टर-6 मंदिर में प्रतिदिन लगेगा 25 किलो फलों का भोग

उत्कल सेवा परिषद, सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर से जुड़े सदस्यों ने बताया कि इस बार रथयात्रा महोत्सव पर भगवान की विशेष पूजा होगी। पर्व पर भगवान की शयन आरती में बड़ा श्रृंगार वेश होगा। यानी भगवान को प्रतिदिन केवल फूलों से सजाया जाएगा। 8 से 14 जुलाई तक रात्रि श्रृंगार का यह क्रम चलता रहेगा। 15 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा होगी। पर्व पर मंदिर में रोजाना सुबह 25 किलो से अधिक फलों का भोग लगेगा। दोपहर में राजभोग में अन्न प्रसाद लगाया जाएगा। शाम को आरती में हलवा, खीर, मीठा चावल आदि का भोग लगेगा। रात्रि में पोड़ा पीठा का भोग और अन्न प्रसाद लगेगा।

### आमदी मंदिर और किल्ला मंदिर में भी तैयारी शुरू

दुर्ग के आमदी मंदिर और किल्ली मंदिर में भी रथयात्रा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पिछले करीब 70 सालों से दोनों जगहों पर रथयात्रा की परंपरा निभाई जा रही है। भगवान जगन्नाथ 7 जुलाई को दोपहर करीब ढाई बजे मंदिर से निकलेंगे। नगर भ्रमण करते हुए वे बड़े मठ स्थित राम मंदिर पहुंचेंगे। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद पुनः अपने धाम को लौटेंगे। तैयारियों को लेकर दोनों ही जगह पर रथ को तैयार किया जा रहा है। भगवान के नए वस्त्र भी स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे हैं।



### मंदिर में नेत्र उत्सव 6 जुलाई को होगा

सेक्टर-4 मंदिर में भगवान को काढ़ा का भोग लगेगा। रथयात्रा से पहले देवस्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को स्नान कराया जाएगा। इसके बाद से भगवान बीमार हो जाएंगे और वो 14 दिन क्वारेंटाइन (एकांतवास) में गर्भगृह में रहेंगे। इस दौरान उन्हें औषधीय काढ़ा पिलाया जाएगा। इस वर्ष देवस्नान पूर्णिमा 22 जून को मनाई जाएगी। 5 जुलाई को नेत्रोत्सव, 7 जुलाई को रथयात्रा, 11 जुलाई को हेरापंचमी और 15 जुलाई को बाहुड़ा रथयात्रा निकलेगी। इसके बाद 18 जुलाई को निलाद्री विजय के साथ महोत्सव का समापन होगा।

## सिटी इवेंट

### संवेदना के साथ लिखना चुनौतीपूर्ण कार्यः डॉ अरूणा



**भिलाई।** साहित्य बिरादरी के बीच डॉ शीला गोयल की किताब पथ प्रदर्शक देवेश्वर का विमोचन गणमान्य जनों की उपस्थिति में किया गया। समारोह में अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुणा पल्टा ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी कमला जनस्वामी थीं।

वरिष्ठ लेखिका और चिकित्सक डॉ शीला गोयल की पुस्तक पथ प्रदर्शक देवेश्वर का विमोचन करते हुए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ अरूणा पल्टा ने कहा कि संवेदना के साथ लिखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है और डॉ गोयल ने यह कार्य कर दिखाया है। समारोह की मुख्य अतिथि समाजसेवी कमला जनस्वामी थीं। वृंदावन हाल में आयोजित विमोचन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ अरूणा पल्टा ने कहा कि एक कवित्री के रूप में डॉ शीला गोयल की प्रतिभा और शैली से हम परिचित हैं। एक चिकित्सक होने के बाद विषय पर संवेदना के साथ लेखन करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। मुख्य अतिथि समाजसेवी कमला जनस्वामी ने कहा कि श्रीकृष्ण का प्रत्येक रूप मनुष्य के जीवन को प्रभावित करता है और प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण के महामानव और मानव दोनों रूपों को लेखिका ने सुंदर ढंग से लिखा है। विशिष्ट अतिथि और समीक्षक डॉ मृणालिका ओझा ने कहा कि यह पुस्तक कृष्ण भक्ति को गद्य और पद्य में प्रस्तुत किया गया है। लेखिका डॉ शीला गोयल ने कहा कि विविध अध्ययन और संस्कारों ने मुझे प्रभु कृष्ण पर लिखने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि शताब्दी सुबोध पांडेय ने कहा कि यह ग्रंथ आध्यात्मिक रस से ओतप्रोत है। प्रारंभ में सुनंदा चौधरी ने संगीतमय सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सुनंदा चौधरी और शताब्दी पांडेय के मिलकर डॉ शीला गोयल की पुस्तक से एक भजन की प्रस्तुति दी। डॉ जेके गोयल ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वरूपचंद जैन ने एक कविता के साथ कवयित्री को शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने पुस्तक पथ प्रदर्शक देवेश्वर का विमोचन किया। समारोह का संचालन डॉ अरविन्द नेरल ने किया। आभार प्रकट वरिष्ठ लेखक डॉ सुधीर शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ इंदिरा मिश्रा, सुयोग्य मिश्रा, डॉ चित्तरंजन कर, डॉ रामकुमार बेहार और विजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

■ डॉ शीला गोयल की किताब पथ प्रदर्शक देवेश्वर का हुआ विमोचन

# उभरते गायक देंगे प्रस्तुति, सजेगी गीतों और कविताओं की महफिल

**भिलाई।** ट्विनसिटी में आज भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। जहां उभरते कलाकर द्वारा गीतों व कविताओं की आज महफिल सजेगी। रवींद्र निकेतन, हुडको कालीबाड़ी के सहयोग से नवगठित संगीत समूह सुर-ओ-बानी द्वारा विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को उनके द्वारा लिखे गए गीतों और कविता पाठ के माध्यम से रविवार को हुडको कालीबाड़ी में शाम 7 बजे से श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा।

काजी नजरुल इस्लाम की संगीत और काव्य यात्रा को उनके जीवन परिचय के साथ-साथ शहर के कुछ उभरते और स्थापित गायकों द्वारा गीतों और कविताओं की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर अनीश सेनगुप्ता सीजीएम बीएसपी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। सुर-ओ-बानी समूह के मुख्य सदस्य जॉली सेन, सुजाषा सेन, भास्वती बोस के मार्गदर्शन में ख्याति शर्मा, संस्कृति सेन, समवी इमाम, अस्मिता मुखर्जी जैसे उभरते गायकों और उमा मित्रा, बीना साहा गायकों के साथ अपनी प्रस्तुतियों को प्रस्तुत करेंगे। काजी नजरूल इस्लाम की प्रसिद्ध कविताओं का पाठ जॉली चक्रवर्ती, सुबीर भट्टाचार्य, सोमाली शर्मा, समरेंद्र विश्वास, बानी चक्रवर्ती और उदय भगत द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। सम्पूर्ण संगीत संध्या में तबला वादन रुद्र प्रसन्न जेना और कीबोर्ड वादन अजीत बेनर्जी द्वारा किया जाएगा।



# राष्ट्रीय सब जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में धनराज ने जीत स्वर्ण



**भिलाई।** राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दुर्ग के खिलाड़ी धनराज कंदरा ने सीजी टीम का प्रतिनिधित्व किया और स्वर्ण पदक जीत कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया। 6 से 9 जून तक राजस्थान के गंगा नगर में राष्ट्रीय सब जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में दुर्ग के खिलाड़ी धनराज कंदरा ने सीजी टीम की ओर से भाग लिया। धनराज ने 59 किलों वजन वर्ग समूह में भाग लिया और स्कॉट में 172.5 किलों, बेंच प्रेस में 110 किलों, डेड लिफ्ट में 212.5 किलों, कुल 495 किलों वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। धनराज ने स्कॉट, बेंच प्रेस, डेड लिफ्ट तीनों विधाओं में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीत दुर्ग लौटने पर हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने धनराज का सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीदुर्गा जंघेल क्रीड़ा अधिकारी पीजी कॉलेज बेमेतरा, कौशल यादव अवर्डी, इंटरनेशनल खिलाड़ी राज वासनिक, ब्लेसन बास्को, शिवा राव, श्रीनु राव, दिलीप पटेल, दीनू यादव, सुनील देवांगन, पवन यादव, गुरुजी, रिशभ यादव, दीपांसु, कन्हैया, सुभाष यादव, ओस जैन, अभिषेक साहू, दीपक निर्मलकेर, जी नेताम सहित सभी सदस्यों ने घनराज को इस उपलब्धी की बधाई दी।

संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में किया गया था आयोजन

कॉर्नर न्यूज

# ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी की नितियों को जाना, इंटरव्यू में 6 छात्र हुए चयनित





**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, भिलाई द्वारा आयोजित हीरा गोदावरी पावर एंड इस्पात के ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान 6 छात्रों का चयन किया गया।

संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। हीरा (गोदावरी पावर एंड इस्पात) छत्तीसगढ़ की सबसे तेजी से बढ़ती पावर एंड इस्पात कंपनियों में से एक है। विभिन्न क्षेत्रों में उनकी मजबूत उपस्थिति है।

इस ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल शाखा के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत देबाशीश दास मुख्य प्रबंधक मानव संसाधन, हीरा गोदावरी पावर एंड इस्पात प्री प्लेसमेंट टॉक के साथ हुई। उन्होंने कंपनी, उसकी नीतियों और भर्ती प्रक्रिया के बारे में एक संक्षिप्त परिचय दिया और प्रस्तावित पदों से संबंधित छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब दिए। इस प्रक्रिया में कुल 131 छात्र रजिस्टर हुए और साक्षात्कार के बाद 6 छात्रों का चयन किया गया।

प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुख्य प्रबंधक मानव संसाधन देबाशीश दास ने कहा कि हीरा ने कैंपस रिक्रूटमेंट के लिए संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का दौरा किया है, और हम यहां इतनी अच्छी संख्या में प्रतिभाशाली उम्मीदवारों को उपस्थित देखकर बहुत खुश है और आने वाले भविष्य में उम्मीदवारों को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए संजय रूंगटा समूह में आना जारी रखूंगा।

समूह के निर्देशक साकेत रूंगटा ने कहा कि संजय रूंगटा समूह अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ग्रुप के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने अभियान के आयोजन के लिए प्लेसमेंट विभाग को बधाई देते हुए सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी।

सिटी इवेंट

## स्कूलों में शिक्षकीय तनाव के प्रभावों का किया अध्ययन




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्ववविद्यालय दुर्ग में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन रूप से आयोजित शिक्षा विषय के पीएचडी वायवा में ''उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की भूमिका द्वंद्व पर उनके कार्य संतुष्टि व शिक्षकीय तनाव के प्रभाव पर अध्ययन'' विषय पर मंथन किया गया। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई शोधकेन्द्र की शोधछात्रा प्रीतिका ताम्रकार ने अपने शोधनिर्देशक, सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा, भिलाई शिक्षा संकाय की सहायक प्राध्यापक, डॉ. ज्योत्सना गढ़पायले तथा सह शोधनिर्देशक, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के डॉ. कविता वर्मा के मार्गदर्शन में पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपना शोधकार्य प्रस्तुत किया। सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने बताया कि इस वायवा में बाह्य परीक्षक के रूप में रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भुवनेश्वर ओड़िसा के शिक्षा संकाय के प्राध्यापक प्रो. सुभाषचंद्र पांडा ऑनलाईन रूप से उपस्थित थे।

### सार्थक प्रभाव रहता है शिक्षकों को

अपने शोध निष्कर्ष में शोधार्थी प्रीतिका ताम्रकार ने बताया कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के षिक्षकों की कार्य संतुष्टि का भूमिका द्वंद्व पर सार्थक प्रभाव पाया गया। उच्च कार्य संतुष्टि वाले शिक्षकों का भूमिका द्वंद्व निम्न कार्य संतुष्टि वाले शिक्षकों के भूमिका द्वंद्व से कम पाया गया। महिला शिक्षिकाओं का भूमिका द्वंद्व पुरूष शिक्षकों से कम पाया गया। शिक्षकों का भूमिका द्वंद्व, कार्य संतुष्टि एवं बोर्ड के प्रकार की अन्तः क्रिया के प्रभाव से मुक्त पाया गया। शोधार्थी ने यह भी बताया कि सीबीएससीई बोर्ड में कार्यरत शिक्षकों का व्यवसायिक विकास सीजी बोर्ड में कार्यरत शिक्षकों के व्यवसायिक विकास द्वंद्व से कम पाया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने वायवा में शोधार्थी से अनेक प्रश्न पूछकर रचनात्मक सुझाव दिये। इस अवसर पर कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप , डॉ. ईश्वर सिंह बरगाह, कल्याण महाविद्यालय भिलाई के प्राचार्य डॉ. आर. पी. अग्रवाल एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

एजुकेशन

## तेलुगु समाज के बच्चों के लिए यशस्वी बनी प्रेरणा, सम्मानित



**भिलाई।** मेधावी छात्रा जी.यशस्वी को 2023-24 की 12वीं परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर तेलुगु समाज द्वारा सम्मानित किया गया। समाज सेवी एनएन राव की प्रेरणा से समाज सेवी टी लोकनाथ व यशोदा ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न व पुष्पगुच्छ भेंटकर व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। लोकनाथ और उनकी जीवन संगिनी यशोदा समाज सेवा में अग्रणी रुचि रखते है और हमेशा गरीब व निर्धन लोगो को मदद करने में सबसे अहम भूमिका निभा रहे है। इस अवसर पर समाज सेवी एन एन राव ने बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शिक्षा प्राप्त जी यशस्वी उनकी माता जी रमा देवी और पिता बीएसपी की रोल टर्निंग शॉप में कार्यरत जी वेंकटेश्वरूलु को शुभकामनां दी। यशस्वी ने बी-टेक कम्प्यूटर सांइस की पढ़ाई करने की इच्छा जाहिर की। इस मौके पर तेलुगू समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

समाज इवेंट

## कला मंदिर में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन 22 को



**भिलाई।** बीएसपी के तत्वावधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 22 जून को संध्या 7 बजे से महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत संध्या के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार सम्राट नीलाद्री कुमार" सितार वादन की विविध बानगी प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में नीलाद्री कुमार के साथ कोलकाता के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक रूपक भट्टाचार्य संगतकार रहेंगे। संगीत संध्या में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार सम्राट नीलाद्री कुमार अपने सितार की झंकार से बेहद चर्चित धुन व राग–रागिनियों को सम्मोहक अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि सितार सम्राट नीलाद्री कुमार ने वाद्य संगीत में नवीन प्रयोग करते हुए सितार व गिटार में अद्भुत समन्वय स्थापित कर एक नए वाद्य "जीटार" का आविष्कार करके हिन्दुस्तानी व पाश्चात्य संगीत के अनूठे मिश्रण को प्रचलन में लाया है। उनकी प्रस्तुतियों को देश–विदेश में भी संगीत मर्मज्ञों द्वारा सराहा जाता है।

37 छत्तीसगढ़ बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में लोगों को जागरुकता भी किया जा रहा

# एनसीसी कैडेट्स ने 41 यूनिट रक्तदान किया 21 दिन के ट्रैफिक रूल्स चैलेंज भी बता रहे

**भिलाई।** 37 छत्तीसगढ़ बटालियन द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान एनसीसी के कैडेट्स लगातार लोगों को जागरूक करने के साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। 14 जून को उनके द्वारा जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 41 यूनिट रक्त का दान भी किया गया। इसके अलावा सड़क पर उतरकर नियमित रूप से ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जा रही है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मार्गदर्शन में 21 दिनों के चैलेंज से अवगत कराया जा रहा है। इसमें लोगों से अपील की जा रही है कि कम से कम 21 सीट बाइक या मोपेड चलाने के दौरान हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। इसके बाद आप स्वयं ही महसूस करेंगे कि ये दोनों रूल्स ट्रैफिक के बहुत ही महत्तवपूर्ण है। खुद ही नियमित रूप से इन निमयों का पालन शुरू कर देंगे।




### ट्रैफिक सेफ्टी व हेल्थ हाइजीन में कार्यशाला

कैडेट्स द्वारा लोगों को रक्तदान के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया गया। इसके अलावा उनके लिए एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें यातायात सुरक्षा एवं हेल्थ हाइजीन दो बड़े विषय पर गेस्ट लेक्चरों का आयोजन हुआ। डीएसपी सतीश ठाकुर ने यातायात सुरक्षा के महत्व को एनसीसी कैडेट को बताया। उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से एनसीसी कैडेट को सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने फलो गुड हैबिट 21 डे चैलेंज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रैफिक रूल्स का पालन करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ने की बात कही गई।

### प्राथमिक उपचार को समझा, हाइजीन फूड्स की जानकारी ली

दूसरी गेस्ट लेक्चर पीएचसी नगपुरा की इंचार्ज डॉ. ज्योति धुर्वे स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा हेल्थ और हाइजीन विषय पर जानकारी दी गई। एनसीसी कैडेटों को मौसमी बीमारियों से अवगत कराया गया। डॉ. ज्योति ध्रुव ने कैडेटों को प्राथमिक उपचार के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया। मासिक माहवारी से संबंधित देखभाल पर प्रकाश डाला। एनसीसी कैडेट को आपातकालीन स्थिति जैसे सांप का काटना, कुत्तों के काटने एवं विभिन्न कीड़े काटने एवं विभिन्न एक्सीडेंट के समय प्राथमिक उपचार के विभिन्न तरीकों की भी जानकारी दी।

### कैंसर और एड्स जैसी बीमारियों को भी समझा

एनसीसी कैडेट्स ने कैंसर, एचआईवी एड्स, विभिन्न लैंगिक रोग की जानकारी ली। विशेषज्ञों ने बताया कि संतुलित आहार, साफ सफाई जरूरी है। इस अवसर पर सामाजिक मुद्दों जैसे लैंगिक उत्पीड़न एवं पर्यावरण विषयों पर चर्चा की गई। एनसीसी कैडेटों के हेल्थ एवं हाइजीन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। कैंप कमांडेंट कर्नल मकसूद अली खान, सूबेदार मेजर भूपति थापा, चंद्रकांत साहू, उज्जवला भोंसले, प्रशांत दुबे, संतोष यादव सहित अन्य मौजूद थे।




आयोजन

## दिवंगत झाड़ूराम के पंडवानी में योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: विजय




**जिला देवांगन समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन**

**भिलाई।** अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडवानी के पितामह झाड़ूराम देवांगन की पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाा। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। शहर ब्लाक देवांगन समाज और जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में यह कार्यक्रम हुआ। झाड़ू राम देवांगन की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राएं, विद्यार्थियों प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि देवांगन जी के पंडवानी में योगदान को भूला नहीं जा सकता। विधायक चंद्राकर ने कहा कि इस सफल आयोजन के लिए देवांगन समाज को शुभकामनाएं। देवांगन समाज सदैव रचनात्मक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। पंडवानी के पितामह की पुण्य तिथि पर मैं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। उन्होंने समाज के साथ कला जगत में भी बड़ा योगदान दिया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पुराणिक राम देवांगन, उपाध्यक्ष शत्रुहन देवांगन, दिनेश देवांगन, धनुष देवांगन, राजेंद्र लिमजे, युवा अध्यक्ष राकेश देवांगन, राजेश देवांगन, प्रहलाद देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

जरूरतमंदों के लिए रहेंगे हमेशा तत्पर

## धूमधाम से मनाई महेश नवमी सेवा व त्याग का लिया संकल्प



**महेश्वरी समाज दुर्ग का आयोजन**

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई में माहेश्वरी समाज द्वारा अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी को धूमधाम से मनाया गया, भिलाई सभा के अध्यक्ष हर्ष मंत्री एवं सचिव अमित माहेश्वरी ने बताया की कार्यक्रम में अतिथि प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के सूरज राठी एवं प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी सहित युवा संगठन की स्वाति नत्थानी उपस्थित रही।

प्रदेश संगठन मंत्री उर्मिला टावरी एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष ममता मुंदडा ने बताया की सुबह भगवान महेश का अभिषेक व श्रृंगार कर महाआरती की गई। जिसके पश्चात पॉवर हाउस चौक से बाइक रैली के रूप में प्रभात फेरी निकालते हुए सभी समाजिक जन सेक्टर 6 स्थित माहेश्वरी भवन पहुंचे। जहां महेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए पौधारोपण किया गया। इसी कड़ी में समाजिक जनों द्वारा रक्तदान करते हुए सदेव जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहने का संकल्प लिया, साथ ही दो समाजजनों ने नेत्र दान के लिए भी फॉर्म भरा एवं सेवा, त्याग, सदाचार की विचारधारा में काम करते हुए माहेश्वरी समाज द्वारा देश भर में संचालित किए जा रहे चेरिटेबल ट्रस्ट, अस्पताल, स्कूल, आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष अमित राठी, स्थानीय महिला सभा अध्यक्ष शारदा कोठारी, युवा संगठन अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, तेजस कोठारी, रितेश मंत्री, सुनीता माहेश्वरी, उमा बंग, सूर्यकांत राठी, मधु टावरी, माया राठी, विजय मंत्री, अमन मुंदडा, वैभव केला, आयुष मंत्री, पवन मंत्री, आनंद बंग, कृष्णा भूतड़ा, आयुष मोहता, हेमंत राठी,अभय माहेश्वरी उपस्थित रहे।

यूरोप 2024 ओपन एशिया पंजा कुश्ती के लिए जाएंगी टीम

# नेशनल आर्म रेसलिंग में खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक, ओपन एशिया पंजा कुश्ती में करेंगे शिरकत

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता पिछले दिनों नागपुर महाराष्ट्र में संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने कुल 21 मेडल प्राप्त किए हैं। छत्तीसगढ़ के महासचिव श्रीकांत ने बताया कि सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी विश्व पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि यूरोप 2024 एवं ओपन एशिया पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 2024-25 इंडिया में ही आयोजित होनी है। भारतीय पंजा कुश्ती संघ के मुख्य संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष जी सुरेश पिल्ले ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ के टीम कोच ऋषभ जैन के नेतृत्व में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम के प्रशिक्षक छत्तीसगढ़ के टीम कप्तान सन्नी बंसोड़ थे। महिला टीम कप्तान रुपाली फूले व टीम मैनेजर राम किशोर साहू व राष्ट्रीय रेफरी आशीष बंसोड़ ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।



### खिलाड़ी हुए सम्मानित

इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों में सुरैया फातिमा, 45 किग्रा बालिका सब जूनियर को लेफ्ट हैंड में रजत पदक, जूनियर राइट हैंड में स्वर्ण, लेफ्ट हैंड स्वर्ण पदक, आकाश मिश्रा को 50 किग्रा बालक सब जूनियर राइट हैंड में कांस्य पदक, तिलक बेहरा, 75 किग्रा बालक जूनियर लेफ्ट हैंड में रजत पदक, मयंक ओझा, 85 किग्रा बालक यूथ लेफ्ट हैंड में स्वर्ण पदक, अब्दुल कादिर 85 किग्रा बालक यूथ राईट हैंड में स्वर्ण पदक, स्नेहा सिंह 60 किग्रा बालिका राइट हैंड कांस्य और लेफ्ट हैंड में कांस्य पदक, खुशी सिंह, 70 किग्रा बालिका लेफ्ट हैंड कांस्य पदक, श्रीमंत झा 85+ किग्रा पुरुष पैरा स्टैंडिंग लेफ्ट हैंड स्वर्ण पदक, हर्ष कोडियर पैरा स्टैंडिंग जूनियर 60 किग्रा लेफ्ट हैंड स्वर्ण पदक, सीनियर 85 किग्रा लेफ्ट हैंड में स्वर्ण पदक, प्रीति यादव 65 किग्रा पैरा वि.आई राईट हैंड रजत तथा लेफ्ट हैंड रजत पदक, बिंदा यादव 70 किग्रा पैरा सिटिंग महिला राइट हैंड रजत पदक, राम खिलावन साहू 85 किग्रा पैरा स्टैंडिंग लेफ्ट हैंड रजत पदक, पर्लीन कौर 50 किग्रा पैरा वि.आई स्टैंडिंग राईट हैंड स्वर्ण और लेफ्ट हैंड स्वर्ण पदक, जी संदीप कुमार 65 किग्रा पैरा सिटिंग राइट हैंड कांस्य पदक, होरी लाल यादव 70 किग्रा पैरा सिटिंग लेफ्ट हैंड में कांस्य पदक विजेता को सम्मानित कर विधायक रिकेश सेन ने बधाई दी।वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से सभी विजेता खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री सेन ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए सभी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी




**बाजीरायपुर।** इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में यूपी पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा 15 से 17 जून को थर्ड इस्ट सेंट्रल जॉन पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से महिला खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दर्ज की। स्पर्धा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दिखाते हुए, कई मैडल अपने नाम किए।अंडर 18 सिंगल्स फायनल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति तायल ने सुहानी पाठक को 11-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया। संस्कृति और सुहानी ने डबल वर्ग में झारखंड की सुचेता वर्मा और प्रजिता वर्मा को 15-2 से हराया। वुमेन्स ओपन सिंगल्स में तीसरे और चौथे मैच में सुहानी पाठक ने संस्कृति तायल को 15-3 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 50 प्लस वुमेन्स सिंगल्स में भी गोल्ड और सिल्वर मेडल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीता। इसमें शिल्पी मतरेजा ने रीना अग्रवाल को 15-4 से हराकर सिंगल्स का खिताब जीता। साथ ही डबल्स वर्ग में शिल्पी और रीना ने यूपी की ज्योति और पुष्पा को 15-6 से हराया। 35 प्लस वुमेन्स सिंगल्स में शिल्पी मतरेजा ने उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी पिंकी शर्मा को 15-7 से हारकर रजत पदक जीता।

### राष्ट्रीय जूनियर किकबाक्सिंग में छत्तीसगढ़ को 3 स्वर्ण सहित 17 पदक

**रायपुर।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के



मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल एसोसियेशन के तत्त्वधान में मर्यादा मैत्री रिसार्ट सिलीगुड़ी में 10 से 14 जून तक जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों से लगभग 600 खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया।छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि स्पर्धा में राज्य के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 3 स्वर्ण, 7 रजत एवं 7 कांस्य सहित कुल 17 पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया।राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, बलौदा बाजार, धमतरी, गोरेला पेंड्रा मरवाही सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी शामिल थे। वहीं टीम में अंतर्राष्ट्रीय रेफरी पूजा पांडेय, मयंक डडसेना तथा कोच मैनेजर के रूप में लोकिता चौहान, हिमांशु यादव, सरवर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू, नमिता साहू शामिल हुए। कोरबा जिले के सीएमए एकेडमी से 5 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और 1 रजत तथा 1 कांस्य सहित सर्वाधिक 2 पदक जीतकर जिले का नाम राज्य एवं देश में गौरवान्वित किया। जिनमे बालक वर्ग में रजत गोयल ने रजत एवं तुषार सिंह ठाकुर ने कांस्य पदक जीता। एकेडमी की आस्था गुप्ता, सिद्धि सोनवानी, सुयश नामदेव ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने वजन वर्ग में टाप 10 में जगह बनाई।

### शतरंज स्पर्धा में अक्षत हुए उलटफेर के शिकार, तुषार ने हराया

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में जारी आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा में 14 जून को



दूसरे राउंड में पहले टेबल पर अनुभवी खिलाड़ी दीपक राजपूत ने योगेश पटेल को, आशुतोष ने उत्कर्ष को ,यशद ने रिधिमा ,गगन ने अद्विका, क्षितिज ने जितेंद्र को हराया। इनके साथ ही ,रूपेश, अक्षत, शुभांकर, राहुल ,रजनीकांत, रिथम सिंघल ने अपने अपने मैच जीतकर 2 अंकों के साथ अगले राउंड में प्रवेश किया। तीसरे चक्र के मुकाबलों में सबसे बड़ा उलटफेर 1459 वीं वरीयता प्राप्त तुषार गुप्ता ने 1741वीं वरियता प्राप्त अक्षत महोबिया को हराकर किया। तुषार ने सफेद मोहरों से इटालियन ओपनिंग से शुरूआत की एवं अक्षत के डिफेन्स को नाकाम करते हुये शानदार जीत दर्ज की।पहले टेबल पर टॉप सीड दीपक राजपूत और क्षीरोद्र खुंटिया के बीच कांटे की टक्कर हुई। जिसमें सीसीलियन ओपनिंग से खेलते हुए दीपक राजपूत ने 42 वे चाल में मुकाबला जीता। दूसरे टेबल पर भिलाई के आशुतोष बनर्जी ने अपने प्रतिद्वंदी को आसानी से मात दी। तीसरे टेबल पर राजधानी की प्राची यादव ने यशद से बहुत कड़ा मुकाबला किया ,लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।अन्य खिलाड़ियों में क्षितिज, राहुल, रिदम, रजनीकांत समेत 16 खिलाड़ियों ने 3 अंक हासिल कर अगले चक्र में प्रवेश किया।अब आगे चार चक्र बाकी है जिसमे खिलाड़ियों के बीच घमाशान जारी रहेगा। इस स्पर्धा में अतिथि शक्ति महिला मंडल की भूतपूर्व अध्यक्षा विभा तिवारी एवं दुर्ग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत थे। प्रतियोगिता का चौथा और पांचवा राउंड शनिवार को हुआ 16 अप्रैल रविवार को प्रतियोगिता का फाइनल व पुरस्कार वितरण होगा।

## हमारी खान-पान की आदत तय करती सेहत

# आपकी एक गड़बड़ आदत से सिकुड़ सकता है दिमाग, सोचने-समझने की खो सकते हैं ताकत

मस्तिष्क हमारे पूरे शरीर को नियंत्रित करता है। खाने-पीने की इच्छा से लेकर, चलने-उठने, सोने-जागने सहित संपूर्ण कार्यों के लिए मस्तिष्क का स्वस्थ रहना और ठीक तरीके से काम करते रहना जरूरी है। पर क्या आप जानते हैं कि हमारी कुछ गड़बड़ आदतों के कारण मस्तिष्क को गंभीर रूप से क्षति पहुंच रही है? इतना ही नहीं कुछ लोगों में इसके कारण मस्तिष्क का आकार भी छोटा होता जा रहा है।

अध्ययनकर्ताओं ने बताया वैसे तो आहार और जीवनशैली की कई आदतों का मस्तिष्क की सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है, लेकिन जिस एक आदत के कारण सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं वो है- शराब का सेवन।

अगर आप लंबे समय तक शराब पीते हैं तो इसके कारण मस्तिष्क के आकार और कार्यक्षमता पर असर होने लगता है। समय के साथ इसकी कोशिकाओं में बदलाव होने लगती है और ये छोटी भी हो जाती हैं। बहुत ज्यादा शराब पीने से आपका मस्तिष्क सिकुड़ सकता है जिसके कारण कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



### शराब के कारण होने वाली दिक्कतें

वेबएमडी की एक रिपोर्ट के मुताबिक शराब आपके शरीर को अलग-अलग तरीकों से प्रभावित कर सकती है। डब्ल्यूएचओ कहता है कि किसी भी मात्रा में शराब के सेवन को उचित नहीं माना जा सकता है क्योंकि सभी के शरीर पर इसका अलग-अलग तरीके से असर होता है। लंबे समय तक शराब पीने से आपको हृदय रोग या लिवर की क्षति जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा आपके मस्तिष्क के लिए भी शराब बहुत हानिकारक है। शराब के कारण मस्तिष्क के आकार में होने वाले बदलाव के चलते आपके सोचने-समझने और कार्य करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

### मस्तिष्क की कोशिकाओं में हो सकता है बदलाव

अगर आप लंबे समय तक अधिक मात्रा में शराब पीते हैं, तो इसके कारण धीरे-धीरे मस्तिष्क की कोशिकाओं में बदलाव आने लगता है। मस्तिष्क के आकार में परिवर्तन या इसके सिकुड़ने के कारण आपकी सोचने, सीखने और चीजों को याद रखने की क्षमता पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इससे शरीर का तापमान स्थिर रखना और अपनी शारीरिक इच्छाओं पर नियंत्रण रखना भी मुश्किल हो सकता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

पेन मेडिसिन में प्रोफेसर डॉ. डैनियल एटकिन्सन कहते हैं, मध्यम मात्रा में भी शराब का सेवन हिप्पोकैम्पस के आकार को छोटा कर सकता है। मस्तिष्क का ये हिस्सा चीजों को सीखने और याददाश्त को ठीक बनाए रखने के लिए जरूरी माना जाता है। हिप्पोकैम्पस मस्तिष्क का एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें एक अनूठी और नाजुक संरचना होती है। यहां न्यूरोजेनेसिस के माध्यम से लगातार नए न्यूरॉन्स बनते रहते हैं। यही कारण है कि शराब पीने के बाद आपमें कुछ याद रखने, सोचने-निर्णय लेने की क्षमता काफी कम हो जाती है।

### नींद भी हो सकती है बाधित

शराब का एक दुष्प्रभाव ये भी है कि इसके कारण आपकी नींद भी बाधित हो जाती है। रात में अच्छी नींद न ले पाने के कारण भी मस्तिष्क में रासायनिक असंतुलन होने का खतरा हो सकता है। वहीं अगर आप अक्सर ही अपनी नींद नहीं पूरी कर पाते हैं तो इसका दीर्घकालिक रूप से भी से सेहत पर असर हो सकता है।





## पाचन की समस्या दूर करने आहार में शामिल करिए फल

पाचन की समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और दस्त होना अब आम बात है, यह कई कारणों से हो सकता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को इसके प्रमुख कारणों में से एक माना जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो पाचन की ये दिक्कतें सामान्य दवाओं और घरेलू उपचार से आसानी से ठीक हो जाती हैं, पर कुछ स्थितियों में ये गंभीर अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकती हैं, ऐसे में अगर आपको कुछ समय से इस तरह की दिक्क्तें अक्सर बनी रहती हैं तो इसपर ध्यान देना और समय रहते उपचार कराना बहुत जरूरी हो जाता है।

डॉक्टर कहते हैं, अपने पाचन तंत्र को प्राकृतिक रूप स्वस्थ रखने के प्रयास करते रहना सभी लोगों के लिए आवश्यक है। पेट को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर तरीका है कि आप आहार में अधिक से अधिक मात्रा में फाइबर वाली चीजों को शामिल करें। कुछ फल, फाइबर से भरपूर होते हैं जो पाचन में सुधार करने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं। इनका सेवन करने से आपको लाभ मिल सकता है।

### सेब आपके लिए कई प्रकार से लाभकारी

सेब को हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी फलों में से एक माना जाता है, कहावत भी रही है कि रोजाना एक सेब खाने वाले लोगों को डॉक्टर की जरूरत कम पड़ती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ये फल आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। सेब में पेक्टिन फाइबर की मात्रा अधिक होती है और पेक्टिन कब्ज और दस्त दोनों से राहत प्रदान कर सकता है। पेक्टिन अपनी घुलनशील प्रकृति और शरीर में कोलेस्ट्रॉल या विषाक्त पदार्थों को कम करने के लिए भी जाना जाता है।

### कीवी फल से पाचन को लाभ



कीवी फल विटामिन-सी के सबसे अच्छे स्त्रोतों में से एक है, यही कारण है कि इसे बेहतर इम्युनिटी वाले फलों में से एक माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि यह फल आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी हो सकता है? अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कीवी फल, डायट्री फाइबर का अच्छा स्त्रोत है, ऐसे में इसके सेवन से पेट की कई समस्याओं के खतरे को कम किया जा सकता है। कीवी फल में एक्टिनिडिन नामक एंजाइम भी होता है जो प्रोटीन का बेहतर पाचन करने में सहायक है।

### केले पेट के लिए बहुत फायदेमंद

केले, अपनी उच्च मात्रा में फाइबर वाले गुणों के लिए जाने जाते हैं, घरेलू उपचार के तौर पर भी दस्त और अपच की समस्या में केले के सेवन की सलाह दी जाती रही है। आंत की समस्याओं के जोखिमों को कम करने और पाचन प्रक्रिया को तेज करने के लिए केले का सेवन किया जा सकता है। केले में एनाटासिड प्रभाव भी होता है जो पेट की परत में बनने वाले अल्सर से पेट की रक्षा करता है।



## ईद पर बनाना है कुछ खास तो तैयार करें मैंगो सेवई



इस साल ईदुल अजहा का त्योहार 17 जून को मनाया जा रहा है। ये पर्व मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए काफी अहम होता है। लोग ईद पर अपने घरों में दावत का आयोजन करते हैं। वो अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और करीबियों को इस दावत में आमंत्रित करते हैं। ईद के दिन हर घर में सेवई जरूर बनती है। ऐसे में अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं तो अपने मेहमानों के लिए मैंगो सेवई तैयार कर सकती हैं। इस लेख में हम आपको मैंगो सेवई बनाने की आसान रेसिपी बताएंगे।

मैंगो सेवई बनाने के लिए सबसे पहले आपको सेवई भूननी है। इसके लिए एक कढ़ाई में घी गर्म करें। इसमें सेवई डालकर मध्यम आंच पर सुनहरी भूरी होने तक भूनें। इसे लगातार चलाते रहें ताकि यह जल न जाए। ध्यान रखें इसे भूनते वक्त आपको गैस काफी हल्की रखनी है। जब ये भुन जाए तो गैस बंद करके इसे साइड में रख लें। इसके बाद एक अन्य बर्तन में दूध गर्म करें और उबाल आने दें। जब दूध उबल जाए तो भुनी हुई सेवई में उबला हुआ दूध डालें और अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद धीमी आंच पर सेवई को दूध में पकने दें। इसे बीच-बीच में चलाते रहें ताकि यह तली में चिपके नहीं।

जब सेवई आधी पक जाए, तो इसमें शक्कर डालें और मिलाएं। जब सेवई पूरी तरह से पक जाए और दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाए, तो इसमें आम का पल्प डालें और मिलाएं। इसे कुछ मिनट और पकने दें ताकि आम का स्वाद सेवई में अच्छे से मिल जाए।

अब इसमें इलायची पाउडर, काजू, बादाम और पिस्ता को डालें और मिलाएं। ध्यान रहे कि मेवे बारीक कटे हुए हों। इन सब चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें और फिर गैस को बंद कर दें। परोसते वक्त इसके ऊपर आम के कुछ टुकड़े भी डालें। आप इसं ठंडा या गर्म दोनों तरह से परोस सकते हैं।

## क्या होता है लक्ष्मी योग? जानिए कैसे बदल सकती है आपकी किस्मत

हस्तरेखा शास्त्र, ज्योतिष विद्या का एक महत्वपूर्ण भाग है जो हथेलियों की रेखाओं और चिन्हों का अध्ययन करके व्यक्ति के जीवन, चरित्र, और भविष्य के बारे में जानकारी देता है। माना जाता है कि हथेली की प्रमुख रेखाएं जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे विवाह, संतान, करियर और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती हैं। इन रेखाओं और चिह्नों में से कुछ विशेष योगों का निर्माण करते हैं, जिनका व्यक्ति के जीवन पर



गहरा प्रभाव पड़ सकता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण योग है ₹लक्ष्मी योग₹, जो धन, समृद्धि, और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। इन रेखाओं का होना और भी कई पहलुओं में शुभ माना जाता है इसलिए इसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

**क्या होता है लक्ष्मी योग ?:** लक्ष्मी योग हथेली पर बनने वाला एक विशेष योग है, ऐसा तब होता है जब हथेली का कई योग एक साथ मिलता है होता है, जो धन देवी लक्ष्मी का प्रतीक है। यह योग कई रूपों में बन सकता है,

**त्रिभुज योग:** हथेली के बुध पर्वत (छोटी उंगली के नीचे का भाग) पर त्रिभुज का निर्माण लक्ष्मी योग का संकेत देता है। माना जाता है कि ऐसे योग हो तो जातक के एक से अधिक माकान बन सकते हैं।

**कमल योग:** हथेली के केंद्र में कमल के फूल जैसा चिह्न बनना भी लक्ष्मी योग का प्रतीक माना जाता है।

शंख योग: हथेली के शुक्र पर्वत (अंगूठे के नीचे का भाग) पर शंख जैसा चिह्न बनना भी लक्ष्मी योग का संकेत हो सकता है। अंगूठे का विशेष चिह्न: अगर अंगूठे के नाखून के नीचे त्रिकोण या रेखा का चिह्न हो तो यह भी लक्ष्मी योग का प्रतीक माना जाता है।

**कैसे बदल सकती है किस्मत ?**

जिनके हाथ में त्रिभुज योग, कमल योग, शंख योग आदि एक साथ होते हैं तो उसे लक्ष्मी योग माना जाता है। ऐसे व्यक्तियों के जीवन में धन, समृद्धि, और ऐश्वर्य प्राप्त होता है। मान्याताओं के अनुसार ऐसे व्यक्ति को बहुत कम मेहनत में ही अधिक धन की आमदनी होती है। लक्ष्मी योग से युक्त व्यक्ति भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेता है और जीवन में उच्च पद प्राप्त करता है। इन व्यक्तियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी प्रचुर मात्रा में होती है।

कार्नर न्यूज

## कामकाजी दंपती को एक-दूसरे के साथ वक्त बिताना होता है चुनौतीपूर्ण

# पार्टनर नहीं देता वक्त, व्यस्त जीवनशैली में ऐसे बिताएं एक-दूसरे के साथ समय

किसी भी रिश्ते की मजबूती के लिए वक्त बिताना बहुत जरूरी होता है। सबसे अधिक वक्त की जरूरत पार्टनर को होती है। हालांकि व्यस्त जीवनशैली, घर-परिवार को संभालने और दफ्तर के कामकाज के कारण लोगों के पास वक्त की कमी हो गई है। इस भागदौड़ में वह अक्सर अपने जीवनसाथी या पार्टनर को वक्त देना भूल जाते हैं। कपल जिम्मेदारियों के कारण इतना व्यस्त हो जाता है कि साथ रहकर भी एक दूसरे से बात नहीं कर पाते। अक्सर काम की बात को छोड़कर उनके बीच किसी तरह का संवाद नहीं होता। इसका असर उनके रिश्ते पर होता है। समस्या तब अधिक बढ़ जाती है जब दोनों साथियों में से कोई एक अधिक व्यस्त होता है और दूसरे को समय नहीं देता है। पार्टनर का इंतजार रिश्ते में गलतफहमियां और बोरियत बढ़ा सकता है। ऐसे में सबसे जरूरी है कि अपने साथी के साथ वक्त बिताएं और रिश्ता मजबूत बनाएं। सवाल ये है कि व्यस्तता के बीच पार्टनर के लिए वक्त कैसे निकालें? जवाब भी आसान है, जरूरी नहीं कि आप कामकाज छोड़कर सिर्फ उनके साथ रहें।



### सिर्फ आधा घंटा उनके नाम

24 घंटे के एक दिन में आप अपने साथी के लिए कम से कम आधे घंटे का वक्त दे सकते हैं, जो सिर्फ आपके साथी का हो। सुबह पार्टनर संग सैर पर जाएं और एक दूसरे के साथ अपने दिल की बातें शेयर करें। चाहे तो रात के खाने के बाद एक दूसरे के साथ आधे घंटे बैठें। सोने के पहले भी कपल एक दूसरे के लिए वक्त निकाल सकते हैं, जब वह अपने फोन को दूर रखकर, सिर्फ एक दूसरे से बातचीत करें। उनका दिन कैसा गया, क्या किया, क्या करना चाहते हैं, जैसे सवाल पूछें।

### छोटे-छोटे पल तलाशें

आपका साथी ये नहीं चाहता कि आप सब काम छोड़कर सिर्फ उनके साथ वक्त बिताएं, बस वह यह उम्मीद करते हैं कि आप अपने व्यस्त समय में भी उन्हें याद रखें और किसी तरह उन्हें ये पता चल जाए। इसके लिए कम से कम उन्हें नोटिस करें। कितने भी बिजी हों, दो पल निकालकर साथी के ड्रेसिंग स्टाइल की तारीफ करें। उन्हें ये बताएं कि वह आज अच्छे दिख रहे हैं, या आज साथी ने लंच लजीज बनाया है। आपकी दो पल में कही गई इस तरह की बातें, पार्टनर को महसूस कराएगी कि भले ही आप व्यस्त हैं ,लेकिन आपका ध्यान उन पर रहता है

### संदेश न भूलें

सुबह जल्दी आफिस निकलने की हड़बड़ी में अगर पार्टनर से बात करने का वक्त नहीं मिल पाया तो उनके लिए एक प्यारभरा नोट लिखें, जिसे पढ़कर उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाए। दफ्तर में लंच ब्रेक के समय या जब भी मौका मिले, अपने पार्टनर को कॉल करके उनसे पूछें कि क्या उन्होंने लंच कर लिया। इसके अलावा जब भी मौका मिले, एक मैसेज उन्हें करके ये अहसास दिलाएं कि भले ही आप व्यस्त हैं लेकिन उनकी याद आपके दिल में हमेशा रहती है।

### हफ्ते में एक दिन उनके नाम



रोजाना के कामकाज में वक्त न मिले तो हफ्ते में छुट्टी वाले दिन या किसी दिन दफ्तर से जल्दी घर आकर अपने पार्टनर के साथ वक्त बिता सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ड्वेन जॉनसन और डैनी गार्सिया की सेवन बक्स ने की वॉल्ट डिज्नी से डील



'द रॉक' के नाम से पहचाने जाने वाले अभिनेता और रेस्लर ड्वेन जॉनसन और फिल्म निर्माता डैनी गार्सिया की कंपनी सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने वॉल्ट डिज्नी के साथ एक नया सौदा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने थिएटर रिलीज और स्ट्रीमिंग के लिए फिल्में विकसित करने के लिए डिज्नी के साथ डील की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सौदा कई सालों के लिए किया गया है और कई जानकारियों का सामने आना बाकी है। इस सौदे के जरिए सेवन बक्स प्रोडक्शंस को डिज्नी की सभी डिवीजनों में सहयोग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, इससे ड्वेन जॉनसन को भी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिलेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब ड्वेन जॉनसन और डिज्नी साथ में काम करने वाले हैं। इससे पहले दोनों साल 2021 में जंगल क्रूज में साथ मिलकर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी काम किया था। इसके अलावा ड्वेन डिज्नी+ के लिए 'बिहाइंड द अट्रैक्शन' के दो सीजन में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'मोआना 2' में माउई के किरदार को भी अपनी आवाज दी हैं। यह फिल्म 27 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी।

'मोआना 2' के ट्रेलर ने डिज्नी एनीमेशन के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। मात्र 24 घंटों में इसे 178 मिलियन (17.8 करोड़) बार देखा जा चुका है। फिल्म का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने वर्ल्डवाइड $687 मिलियन (भारतीय मुद्र में 57 अरब) से अधिक की कमाई की थी।

### टॉलीवुड

## समय से पहले पर्दे पर दस्तक देने जा रही जूनियर एनटीआर की 'देवरा'



जूनियर एनटीआर अभिनीत 'देवरा' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'देवरा' समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।

गुरुवार को 'देवरा' फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'देवरा' 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। 'देवरा' तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।

'देवरा' जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'आरआरआर' की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'देवरा' को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे।

### भोजपुरी

## 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' फिल्म के मजेदार ट्रेलर से खुलेंगे सारे भेद



अक्षरा सिंह की भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी फिल्मों और गानों को लेकर फैंस एक्साइटेड रहते हैं। अब उनकी नई भोजपुरी मूवी 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' का ट्रेलर शुक्रवार 14 जून को रिलीज किया गया। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अविनाश रोहरा हैं। डायरेक्टर इश्तियाक शेख बंटी हैं। कहानी अरबिंद तिवारी ने लिखी है। कॉन्सेप्ट संदीप सिंह है और संगीत राजन मिश्रा ने दिया है। इस फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमन सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, अयाज खान, प्रेम दुबे, विद्या सिंह, ज्योति मिश्रा, पल्लवी खोली हैं। अंशुमन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सबको मेरा प्रणाम, बहुत ही गर्व और ख़ुशी मन से ये बात लिख रहा हूं कि ये फ़िल्म 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' की एडिटिंग के वक़्त जब मैंने ये फ़िल्म देखी, तभी मैं समझ गया कि फ़िल्म कमाल बनी है।' अंशुमन ने आगे लिखा, 'आप सब लोगों ने मुझे हमेशा हमेशा प्यार दिया है और मेरे काम को प्रोत्साहन किया पर इस फिल्म को लेकर मुझे आप सब से बहुत उम्मीद है। आप सबको बतलाना है कल देख कर कैसा लगा, इसमें अक्षरा जी ने क्या कमाल का काम किया है। मैंने फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा भी और आगे सीखता रहूंगा। सो थैंक्स अक्षरा सिंह, अमित शुक्ला जी, आयज भाई सभी लोगों ने कमाल काम किया है। इसके डायरेक्टर बंटी शेख जी है।

### सुपर मॉडल बनाने की राह

लाइफ स्टाइल




मुंबई में हाल ही में हुए लैक्मे फैशन वीक में दर्शकों ने बहुचर्चित मॉडल लक्ष्मी राणा को अनामिका खन्ना, ऋतु कुमार और पायल प्रताप के अलावा अन्य के लिए वॉक करते हुए देखा। तब दर्शकों को यह नहीं मालूम था कि उनके साथ चार मॉडल भी थीं, जिन्हें इन लोगों ने प्रशिक्षित किया था। इन्हें फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सहयोग से राणा के अपने वाइल्डरबी टैलेंट कैंप द्वारा आयोजित मॉडल हंट के ज़रिए चुना गया था। 1,500 रजिस्ट्रेशन में से पंद्रह मॉडल को चुना गया, उसके बाद दिल्ली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण और पोर्टफोलियो शूट के बाद चारों को चुना गया। ऐसे इन्हें सुपर मॉडल बनाने की राह आसान हुई।

## आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे ये नोज पिन डिजाइन

महिलाओं की खूबसूरती सिर्फ अच्छे कपड़े, मेकअप या फिर हेयर स्टाइल से नहीं होती है। बल्कि इसके लिए ज्वेलरी की भी जरूरत होती है। इसलिए अक्सर महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैच करके खरीदती हैं। ऐसे ही होते हैं नोज पिन इनमे आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ओकेजन के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### फ्लावर वर्क नोज पिन

अगर आप फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप फ्लावर वर्क वाली नोज पिन डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन दिखने में अच्छी लगती है साथ ही पहनने में कंफर्टेबल होती है। ये बिना नोज पियर्सिंग के भी पहनी जाती है। आप चाहे तो इन्हें



वेस्टर्न के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं वरना एथनिक आउटफिट के साथ भी ये अच्छी लगती हैं। इस तरीके के नोज पिन डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 250 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### स्टोन वर्क नोज पिन

स्टोन वर्क नोज पिन का फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इसे आप कभी भी पहन सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन न सिर्फ पहनने में स्टाइलिश लगती हैं बल्कि ज्यादा हैवी भी नहीं होती हैं। इस नोज पिन को आसानी से डैली वियर में भी स्टाइल किया जा सकता है। इसमें आप हैवी नग वाले नोज पिन डिजाइन भी खरीद सकती हैं और छोटी नोज पिन भी खरीद सकती हैं। मार्केट में आपको इसमें अलग-अलग कलर के साथ डिजाइन मिल जाएंगे।

### मोर डिजाइन नोज पिन

ट्रेडिशनल लुक के लिए हम अलग-अलग तरह की नोज पिन डिजाइन को ट्राई करते हैं। इस बार मोर डिजाइन वाली नोज पिन को स्टाइल करें। इस तरीके की नोज पिन दिखने में काफी क्लासी लगती है साथ ही पहनने के बाद पूरा लुक चेंज कर देती है। आप भी इस तरीके की नोज पिन को पहन सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप इन्हें हैवी वर्क में भी खरीद सकती हैं साथ ही लाइट वर्क में भी ये मिल जाएंगी।

## ईद पर पहनना है अनारकली सूट तो इन लुक्स पर डालें एक नजर




ईदुल अजहा यानि बकरीद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी अहम पर्व माना जाता है। भारत में जिलहिज्ज का चांद दिखने के बाद भारत के कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने 17 जून को ईदुल अजहा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दिन की तैयारियां कई-कई दिन पहले से शुरू हो जाती हैं।

इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी दी जाती है, यही वजह है कि इसे बकरीद भी कहते हैं। लोग ईदुल अजहा के दिन अपने घरों में कई तरह के पकवान बनाते हैं और साथ-साथ में नए कपड़े भी खरीदते हैं।

पुरुष तो इस दिन कुर्ता और पायजामा पहनते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बड़ी समस्या होती है कि वो क्या पहनें। ईद पर पहनने के लिए अनारकली सूट को सही विकल्प माना जाता है। अगर आप इस बकरीद पर अनारकली सूट पहनने का सोच रही हैं, तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर एक नजर जरूर डालें। ताकि ईद के दिन आप सबसे खूबसूरत दिखें।



**हिना खान:** आप चाहें तो हिना खान के जैसा शॉर्ट अनारकली सूट और इसके साथ चूड़ीदार पायजामी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी काफी प्यारी लगती है। बस इसे पहनते वक्त ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग सही हो। अगर ये ढीला होगा, तो आपका लुक बिगड़ सकता है।

**अदिति राव हैदरी:** शॉर्ट अनारकली कुर्ते के साथ इस तरह की धोती स्टाइल की पायजामी कैरी करनी है तो अदिति राव हैदरी के लुक पर नजर डालें। पर्पल रंग का ये सूट आपको बाकियों से अलग दिखने में मदद करेगा। इस सूट के साथ दुपट्टे को भी अलग अंदाज में कैरी करें।

**माधुरी दीक्षित:** वैसे तो माधुरी दीक्षित का हर लुक ही खूबसूरत होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो उनके अनारकली सूट लुक से टिप्स ले सकती हैं। आगे से स्लिट वाले इस सूट लुक काफी अलग और खूबसूरत है। इस पर ज्यादा वर्क भी नहीं है। ऐसे में आप आराम से इसे कैरी कर सकती हैं।

**संजीदा शेख:** चूड़ीदार पायजामी के साथ इस तरह का घेर वाला अनारकली आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसे में बकरीद के मौके पर संजीदा शेख के जैसा अनारकली सूट पहनकर जलवा बिखेरें। अगर आपको ये रंग नहीं पसंद है तो आप अपनी पसंद के हिसाब से रंग का चयन कर सकती हैं। कृति सेनन

## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में तेज धूप से हर कोई काफी परेशान रहता है। लोग कोशिश करते हैं, कि वो धूप में बाहर न निकलें, लेकिन किसी न किसी वजह से उन्हें बाहर जाना ही पड़ता है। जिस प्रकार से तेज धूप से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार से त्वचा पर तेज धूप पड़ने से टैनिंग की समस्या सामने आने लगती है। इस मौसम में चेहरे के बाद सबसे ज्यादा टैनिंग हाथों पर होती है।

**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।

**दही और टमाटर:** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे



टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

**कच्चा दूध:** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास

अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है।

हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

**शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज :** आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।



पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।

**चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन :** अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### स्टाइलिश दिखने की चाह में हेयर स्टाइल पर ध्यान देना जरूरी

## सबसे अलग हट कर दिखना है तो इन तरीकों से बदलें अपनी हेयर स्टाइल

*हर इंसान का सपना होता है कि वो कूल ड्यूड दिखे। जब भी वो गलियों में निकले लोग आपकी स्टाइल के बारे में डिस्कस करें। किसे अच्छा नहीं लगता है कि, अचानक भरी मीटिंग में आपकी ओर गौर से देखते हुए बॉस कहें कि, नाइस लुकिंग!*
*ये सब सपने जैसा लगता जरूर है लेकिन क्या वाकई कोई ऐसा तरीका नहीं है जिससे ये सब अचीव किया जा सके। ये इतना भी ज्यादा नहीं है कि इसकी उम्मीद लाइफ में न की जा सके।*



रियल लाइफ में कई बार वाकई लोगों के पास इतना समय नहीं होता है कि हेयर स्टाइल जैसी चीजों को मेंटेन रखने के लिए एक्स्ट्रा टाइम निकाल सकें। खासतौर पर जब आप दिमाग को खपा देने वाली कॉरपोरेट जॉब में हों। इसलिए, आपको ऐसे कुछ तरीके के बारे में जानकारी देंगे जिनकी मदद से आप आसानी से हेयर स्टाइल को चेंज कर सकते हैं। इससे न सिर्फ नया लुक मिलता है बल्कि आत्मविश्वास को भी बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**हेयर स्टाइल बदलना क्यों जरूरी है ? :** बालों में ये ताकत होती है कि, ये आपके लुक को बनाने या इमेज को ब्रेक करने की क्षमता रखते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका पहनावा कितना फैंसी और फैशनेबल है, आप तब तक स्टाइलिश और कंप्लीट नहीं दिखेंगे जब तक कि आपके बाल स्टाइलिश न हो जाएं।

**हेयर स्टाइल को कैसे चेंज करें ? :** हेयर स्टाइल को पूरी तरह से चेंज करना इतना भी कठिन नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ थोड़ी सी चीजों को चेंज करने की।

**बालों में फ्रिंज बनवाएं:** 90 के दशक में पुरुषों के बीच फ्रिंज हेयर स्टाइल काफी लोकप्रिय हुआ करती थी। बाद में इस ट्रेंड की जगह पोम्पाडोर और क्विफ जैसी हेयर स्टाइल ने ले ली। लेकिन ऐसा नहीं है कि, फ्रिंज हेयर स्टाइल का जलवा खत्म हुआ और इसके दिन चुक गए हों। ये हेयर स्टाइल आज भी उतना ही जवान है, जितना पहले किसी और दौर में था। आज भी युवा पूरे शौक के साथ इस हेयर स्टाइल को अपना रहे हैं।

